## खबर संक्षेप

### मानव श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**छिंदवाड़ा।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को नगर में एक भव्य मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 450 से 500 स्वच्छता प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर स्वच्छता का संदेश फैलाया तथा स्वच्छ भारत अभियान के प्रति दृढ़ संकल्प व्यक्त किया।यह मानव श्रृंखला नगर पालिक निगम उपायुक्त श्री आर.एस. बाथम के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम में निगम के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर दीपक राज जैन, बादल भारद्वाज, स्वच्छता चैंपियन, स्व-सहायता समूह, एन.जी.ओ., स्कूली छात्र-छात्राएँ एवं कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थी सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर मानव श्रृंखला का निर्माण कर स्वच्छता के महत्व पर बल दिया।इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने सामूहिक रूप से स्वच्छ भारत का संकल्प लिया और समुदाय में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का संदेश साझा किया। कार्यक्रम को स्थानीय नागरिकों ने सराहनीय एवं प्रेरणादायी पहल माना, जो नगर में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### महिलाओं को दी घरेलू हिंसा अधिनियम की जानकारी

**छिंदवाड़ा।** विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो इस हेतु सुशांत हुद्दार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन मे विधिक जागरूकता कार्यक्रम जनता कालोनी,एवं परतला आंगनबाड़ी केंद्र छिंदवाडा मे किया गया । इस अवसर पर न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 क्या हे ,हिंसा किसे कहते हे , पारीवारिक विवाद के मामलो मे मध्यस्थता करना, निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना ,भरण पोषण की जानकारी दी , महिलाओं के लिए बने कानून ओर अधिकार ,महिलाओं के साथ बाहरी व्यक्ति के द्वारा शोषण छेड़छाड़, पोस्टर दिखाना, धक्का देने जैसे हरकत पर बी एन एस की धारा 74,75,76,77,78, की कार्यवाही के प्रावधानों एवं महिला हेल्प लाईन 1090, 15100 ,112 पर करने की जानकारी दी गई ।

### रंग और साइज बयां कर रहे हैं इन नदियों की रेत का सबूत

# वन भूमि में बहने वाली जमरुस, मर्राउन नदी रेत चोरों के निशाने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में बरसों से रेत चोरी का कारोबार अधिकारियों के संरक्षण में जमकर फल फूल रहा है। सबसे ज्यादा कुआं बादला कुर्सीढाना आंचलिक क्षेत्र में रेत चोर सक्रिय हैं। अब रात दिन हो रही रेत की चोरी के मामले सामने आने लगे हैं। पिछले दिनों खनिज निरीक्षक ने दो रेत के ट्रैक चोरी करते पकड़े थे, लेकिन उसके बाद उनकी कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई रेत चोर इसके बाद वन भूमि की नदियों से रेत की चोरी करने लगे।

हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की तब कहीं एक ट्रैक्टर जप्त किया, लेकिन कुआं बादला सर्कल से लगी संगाखेड़ा वन सीमा को जोड़ने वाली वन भूमि



की जमरूष नदी में रेत का अवैध उत्खनन इन दिनों हो रहा है। ग्रामीणों ने बतलाया कि सुबह शाम रेत का अवैध भंडारण किया जाता है और रात में उसकी सप्लाई होती है। इसी तरह सेहरा ढाना सर्कल में वहने वाली मर्राउन नदी जो वन भूमि में बहती है, उसमें भी जमकर अवैध खनन हो रहा है।

कोहपानी एवं कपूर नाला से रेत निकाली जा रही है और यह रातो रात तामिया में चल रहे निर्माण कार्यों में पटकी जा रही है जो सी एम राईज स्कूल सहित अन्य निर्माण स्थलो पर पड़ी देखी जा सकती है। ज्ञात हो हर नदी का अपना रेत का रंग एवं साइज होता है जो तामिया में पटकी गई रेत का कलर एवं साइज से मेल करेंगे तो यह इन्हीं दोनों जंगल मै बहने वाली नदियों से यह रेत मैच करेगी। यह रेत जमरुस एवं मराउन नदी की है। इस चोरी पर वन विभाग कैसे अंकुश लगाकर वन संपदा एवं गौण खनिज के रूप में हो रही हानि पर कार्रवाई कर पाएगा यह तो कार्रवाई होने की पश्चात पता चल सकेगा।

### तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे नकुलनाथ

## आठ साल की लूट पर उत्सव नहीं जवाब मांग रही जनताः नकुलनाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन हुआ। विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर पहुंचे श्री नाथ का कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व आमजन ने पुष्प गुच्छ व पुष्पहार से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कमलनाथ व नकुलनाथ जिंदाबाद के नारों से हवाई पट्टी गूंज उठी।

हवाई पट्टी पर उपस्थित मीडिया के साथियों ने जीएसटी कम कर भाजपा के द्वारा उत्सव मनाए जाने के प्रश्न के प्रत्युत्तर में माननीय नकुलनाथ जी ने कहा कि लगातार 8 वर्षों तक जीएसटी के नाम पर हिन्दुस्तान की जनता से प्रत्येक सामग्री की खरीदी पर अतिरिक्त राशि वसूलने वाली भाजपा ने जनता के बढ़ते आक्रोश और कांग्रेस के सतत विरोध के उपरांत जीएसटी में कटौती की है, यह भाजपा की भूल सुधार है जिस पर उन्हें जनता से खुले दिल से माफी मांगनी चाहिए। जनता पर 28 प्रतिशत जीएसटी थोपने वाली भाजपा इसमें कमी कर उत्सव का नाम दे रही है।

8 साल की लूट का हिसाब जनता को नहीं दे रहे, गलतियों को सुधारकर उसमें भी भाजपा किस तरह राजनीति करती है। जनता को राहत देने का अभिनय करने वाली भाजपा के सारे प्रपंच जनता जान व समझ चुकी है।

## दमुआ थाना प्रभारी निरीक्षक सिरसाम हुए मप्र राज्य दुर्गम पदक से सम्मानित



**दमुआ :-** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के एक आदेश के तारतम्म मे आदेश क्रमांक सेनानी/हॉकफ्रोर्स/बाला/स्था./एक-3279/25 दिनांक 29 मई द्वारा गठित इकाई स्तरीय कमेटी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर हॉक फोर्स मे पदस्थ हॉक फ्रोर्स से मूल इकाई मे वापिस हुए पात्रों शासकीय सेवकों को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों मे 2 वर्ष की सेवा बिना गैर हाजिरी के लगातार सेवा देने वाले को मध्यप्रदेश राज्य दुर्गम पदक से सम्मानित किया जाना था। गौरतलब हो कि दमुआ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिरसाम ने 3 जून 2021 से 23 जनवरी 2024 तक नक्सल प्रभावित क्षेत्र मे ऐसे दो वर्ष के स्थान पर दो वर्ष सात माह तक हॉक फ़ोर्स मे बिना गैरहाजरी के अपनी ईमानदारी से सेवा दी। जिसके चलते दमुआ थाना प्रभारी प्रमोद सिरसाम को मध्यप्रदेश के गृह विभाग ने मप्र राज्य दुर्गम पदक से सम्मानित किया गया।

### सांसद आज स्वास्थ्य शिविर और अन्य कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 24 सितंबर को पांढुर्णा स्थित कलेक्ट्रेड कार्यालय में दिशा समिति की बैठक लेंगे और पांढुर्णा में ही आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे साथ ही जिले में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। सांसद श्री साहू सुबह 11 बजे सौंसर में भगत सिंह चौक क्षेत्र में जीएसटी को लेकर व्यापारियों से मुलाकात करेंगे। दोपहर 12 बजे पांढुर्णा स्थित लक्ष्मी स्मृति भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ कर उसमें शामिल होंगे। दोपहर 1 बजे भाजपा कार्यालय पांढुर्णा में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। दोपहर 3 बजे पांढुर्णा स्थित कलेक्ट्रेड कार्यालय में दिशा समिति की बैठक लेंगे। साथ ही शाम 4:30 बजे रामाकोना में जीएसटी को लेकर व्यापारियों से मुलाकात करेंगे।

### न्यूटन नगर परिषद में सीएमओ का पद बना मजाक

**परासिया।** न्यूटन चिखली नगर परिषद मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पदस्थापना को लेकर गंभीर विवाद में आ गई है। जानकारी के अनुसार पिछले तीन माह में तीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कहा जाता है कि यह कवायद राजनीतिक कारणों की वजह से की गई है। जिसके कारण मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पद मजाक बनकर रह गया है। सूत्रों ने बताया कि तीन माह पूर्व न्यूटन चिखली में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजय ठाकरे का तबादला दमुआ नगर पालिका कर दिया गया है। उनके स्थान पर नगर परिषद बड़कुही के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल कौरव को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। वे मात्र 3 महीने ही पद पर रहे। उनके स्थान पर पुनः अजय ठाकरे को अतिरिक्त प्रभार दिया गया। लेकिन मात्र मुश्किल एक सप्ताह ही अजय ठाकरे प्रभारी सीएमओ रहे। उन्हें हटाकर अब जामई नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेहा धुर्वे को न्यूटन चिखली नगर परिषद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मंगलवार को नेहा धुर्वे ने प्रभार ले लिया है। ज्ञात हो कि न्यूटन चिखली नगर परिषद में कांग्रेस की परिषद काबिज है। वहीं प्रदेश में भाजपा की सत्ता है। कहा जाता है कि परिषद में जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी समन्वय नहीं बनने के कारण बार-बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बदला जा रहा है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए महापौर अहके भोपाल में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

होटल जहांनुमा पैलेस भोपाल में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी की उपस्थिति में फ्री प्रेस समाचार पत्र का 42वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित नगरीय निकायों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महापौर का सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया था।

इस दौरान छिंदवाड़ा शहर के लिए बड़ा हर्ष का विषय है कि मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजय वर्गीय एवं विधायक भगवान दास सबनानी द्वारा शहर के जुझारू और कर्मठ महापौर विक्रम सिंह अहके को शहर में विकास कार्यों के साथ साथ साफ ,सफाई एवं स्वच्छता में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही महापौर अहके की आम जनमानस के बीच जाकर आपका महापौर आपके द्वार जैसे कार्यक्रम की प्रशंसा की



गई और मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री द्वारा शहर के आने वाले 25 वर्षों बाद के विकसित एवं सर्व सुविधा युक्त छिंदवाड़ा कैसे बने इस हेतु रोड मैप बनाने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजय वर्गीय, विधायक भगवान दास सबनानी, प्रदेश महामंत्री उपस्थित रहे। इसके साथ ही भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं प्रेस के साथी एवं सम्मानित गण उपस्थित रहे ।

## शांति समिति की बैठक संपन्न

**दमुआ :** आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के मद्देनजर शनिवार को थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आहूत की गई । जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक, शांति समिति सदस्यगण, राजनीतिक दलों के मुखिया एवं पत्रकार बंधु शामिल हुए। बैठक में नवरात्र पर्व को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। नायब तहसीलदार मोहित बोरकर द्वारा शासन द्वारा प्राप्त दिशानिर्देशों से सभी को अवगत करवाया गया। जिसमे ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग हेतु अनिवार्य रूप से अनुमित लेकर ही तय मानक एवं सुबह 6 बजे से रात 10 तक उपयोग करने की बात कही। पंडाल में एक व्यक्ति अनिवार्य रूप से मौजूद रहे एवं संभव हो तो सीसी टीवी कैमरा लगाकर असामाजिक तत्वों पर नजर रखने की बात कहीं। पंडाल के आसपास वाहन पार्किंग हेतु उचित इंतजाम हो। आवागमन हेतु आम रास्ता बाधित ना हो। विसर्जन के समय डीजे साउंड का उपयोग तय मानक में ही हो। विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता रतनदीप सिन्हा द्वारा बताया गया कि विद्युत विभाग द्वारा टीसी कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। मूर्ति विसर्जन के समय होने वाले चल समारोह की संपूर्ण जानकारी पुलिस को उपलब्ध करवाने की बात कही गई। नगर पालिका द्वारा नवरात्र पर्व के दौरान संपूर्ण क्षेत्र में साफ सफाई एवं प्रकाश की बेहतर व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया गया। बैठक की अध्यक्षता मोहन पाल द्वारा की गई। बैठक में थाना प्रभारी प्रमोद सिरसाम, नपा उपाध्यक्ष सुरेश कश्यप, प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश साहू, खेड़ापति मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, दुर्गामंदिर समिति से प्रिंस राजपाल, भाजपा मंडल महामंत्री दीनू साहू, रमेश राही, सौरभ शिवहरे, सूरज चौधरी, शरद श्रीवास्तव, शिव यादव, मोहसिन चिश्ती, श्याम अग्रवाल, सोनू डहेरिया, जुबैर रिजवी एवं अन्य लोग शामिल हुए।



# जिला जेल की सुरक्षा में सेंध हत्या का आरोपी हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला जेल में मंगलवार को रायसेन का एक विचाराधीन कैदी जिस पर हत्या का आरोप है उसने जेल की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया है। जिला जेल में बंद आसिफ नाम का यह कैदी जेल की दीवार को फांदकर बाहर निकल आया। पास के मोहल ले में ही लोगों ने उसे चोर समझकर पकड़ लिया। भीड़ जमा होने पर चोर समझकर उसकी पिटाई भी की। घर की बाउंड्रीवॉल से जब वह मोहम्मद अफराज खान के घर में कूदा तो परिवार को लगा कि यह कोई चोर है परिवार वालों ने पकड़कर उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया। तभी आसिफ ने खुलासा करते हुए बताया कि जिला जेल छिंदवाड़ा में भर्ती वह हत्या का आरोपी है और वह रायसेन जिले के बरेली का रहने वाला है। जेल व्यवस्था की सुरक्षा दिनदहाड़े एक हत्या के कैदी का भागना जेल की व्यवस्था में गंभीर



सवाल खड़े कर रही है। जेल की सुरक्षा व्यवस्था में कमी है आज की इस घटना से साबित हो रहा है कि यह तो अच्छा ही हुआ कि यह कैदी पकड़ में आ गया अन्यथा कोई बड़ी घटना हो सकती थी। इससे इंकार नहीं किया जा सकता। जिला जेल इस समय काफी चर्चा में चल रहा है। अभी हाल ही में दो कैदियों की बीमारी से मौत हो गई थी। जिसकी जांच अभी तक जारी है। जेल अधीक्षक प्रतीक जैन का कहना है कि जेल की दीवारों को ऊंचा और सुरक्षित बनाने के लिए विभाग को पत्र लिखा गया है। छिंदवाड़ा की जेल की दीवारे काफी पुरानी और अपेक्षाकृत नीची है जिसका फायदा उठाकर अपराधी भागने में सफल हो गया। अब यह तो जांच का विषय है कि जिम्मेदारों पर क्या कार्यवाही की जाती है परंतु हत्या के आरोपी का जेल से भागना और जनमानस के बीच में पहुंच जाना एक नए अपराध का जन्म हो सकता था। परंतु मोहल्ले वालों की सतर्कता पुनः पुलिस के हवाले किया गया।

## स्वदेशी सिर्फ आर्थिक नहीं, इसमें देशभक्ति और स्वयं का स्वाभिमान हैः शेषराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अमरवाडा

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के जिला संयोजक भारत घई, सह संयोजक अजय सक्सेना, गुरजीत बेदी एवं श्रीमती भारती साहू ने मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प' अभियान को लेकर कार्यशाला को संबोधित किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि स्वदेशी सिर्फ आर्थिक नहीं है, बल्कि इसमें देशभक्ति की भावना है और स्वयं का स्वाभिमान भी है। यह हमारी भाषा, रीति रिवाज, पहनावे, संस्कृति आदि सभी से संबंधित है। जो अपने देश में बना है, उसके प्रति स्वाभिमान ही स्वदेशी है। हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। लेकिन इसके लिए हर व्यक्ति के मन में स्वदेशी उत्पाद खरीदने की मानसिकता बनाने की जरूरत है। कार्यकर्ता स्वदेशी को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत बनाने के अभियान को साकार करें। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को लाल किले से दिये गए भाषण और काशी की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि दुनिया आज आर्थिक संकट से जूझ रही है। हर देश अपनी अर्थव्यवस्था को संभालने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में भारत के आर्थिक विकास को जारी रखने और विकसित देश बनाने का वही तरीका उचित है, जिसमें आत्मनिर्भरता और स्वदेशी का मंत्र हो। उन्होंने इसे 'मन की बात' कार्यक्रम में भी दोहराया और कोरोना संकट के समय भी कहा था। श्री यादव ने कहा कि आज दुनिया में पूंजीवाद, साम्यवाद और समाजवादी व्यवस्थाओं का खोखलापन उजागर हो चुका है। यूक्रेन-रसिया और इजराइल-फिलस्तीन के युद्ध चल रहे हैं।

# तामिया मैराथन 27 सितंबर को, विजेताओं को मिलेंगे 31 हजार रुपए

### तामिया में पहली बार आयोजित मैराथन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला प्रशासन द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नवाचार करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 27 सितंबर शनिवार को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जिला प्रशासन के सयुंक्त प्रयासों से पहली बार तामिया में ₹तामिया मैराथन₹ का आयोजन किया जा रहा है। 21 किलोमीटर की मैराथन जीतने वाले विजेता को 31 हजार रुपए नगद और मेडल, सर्टिफिकेट मिलेगा। दूसरे स्थान पर रहने वाले को 21 हजार व तृतीय स्थान पाने वाले को 11 हजार रुपए का पुरस्कार मिलेगा। पुरस्कार पुरुष व महिला को अलग-अलग मिलेगा। मैराथन में शामिल होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाएगा, जो मंगलवार से शुरू होंगे।




तामिया मैराथन की तैयारियों की समीक्षा के लिए कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में पुनः अधिकारियों की बैठक ली और मैराथन आयोजन की अंतिम रूपरेखा तैयार करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी श्री अजय पांडेय, जुन्नारदेव के खंड स्तरीय अधिकारी और विक्रम पुरस्कार प्राप्त पर्वतारोही सुश्री भावना डेहरिया वीसी से जुड़े थे, जबकि वन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग,शिक्षा, जनजातीय कार्य, खेल एवं युवक कल्याण, एन.आई.सी, ई - गवर्नेंस, पी.डब्ल्यू.डी., पी.एच.ई., एआरटीओ सहित सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारी और जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत व पर्यटन प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी सभाकक्ष में उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों और पर्वतारोही सुश्री भावना डेहरिया से चर्चा, सुझाव एवं विचार - विमर्श उपरांत ₹तामिया मैराथन आयोजन की अंतिम रूपरेखा निर्धारित की। जिसके अनुसार सभी अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। यह मैराथन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस परिसर से प्रारंभ होगी और कुआं बादला टोल प्लाजा से होते हुए वापस रेस्ट हाउस आएगी, जो 21 किलोमीटर होगा। मैराथन में 05 व 11 किलोमीटर वर्ग के लिए भी धावक भी शामिल हो सकते हैं, जिन्हें मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। मैराथन में सहभागिता के लिए प्रतिभागियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है।

### चुनरी यात्रा की सफलता के लिए भोलेनाथ एवं बजरंगबली का लिया आशीर्वाद

## माँ नैनादेवी को पहली चुनरी अर्पित कर विधायक ने किया चुनरी यात्रा का श्रीगणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

विधानसभा जुन्नारदेव की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ पिछले 12 वर्षों से लगातार चुनरी यात्रा निकाल रहे विधायक सुनील उईके ने अपने साथियों के साथ 22 सितंबर दिन सोमवार को शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा तिथि पर परंपरानुसार जुन्नारदेव विशाला पहली पायरी एवं पदम पठार में विराजे भगवान भोलेनाथ एवं वीर बजरंगबली का पूरे विधि विधान से पूजन कर चुनरी यात्रा की सफलता की कामना के साथ तामिया के तुलतुला पर्वत में विराजी सिंह वाहिनी माँ नैना देवी को पहली चुनरी एवं प्रसाद अर्पित कर



जयघोष के साथ 13 वें वर्ष की चुनरी यात्रा का श्री गणेश किया।

इसके पूर्व बड़ी संख्या में जुन्नारदेव विधानसभा के वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता विधायक श्री उईके के निवास पर एकत्रित हुए जहाँ पर परिजनों एवं वरिष्ठजनों ने चुनरी यात्रा में जा रहे विधायक एवं उनके साथियों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर उन्हें यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेसित करते हुए यात्रा को अपने गंतव्य की ओर रवाना किया।गौधुली बेला में विधायक श्री उईके ने अपने साथियों के साथ सर्वप्रथम जुन्नारदेव विशाला ( पहली पायरी ) पहुँचकर भगवान भोलेनाथ का पूजन करने के साथ ही पदम पठार के हमारे हनुमान मंदिर में वीर बजरंगबली का पूजन कर चुनरी यात्रा के निर्विघ्न रूप से सफलता की कामना करते हुए आशीर्वाद मांग। तदोपरान्त तामिया के तुलतुला पहाड़ में विराजी माँ नैनादेवी के मंदिर पहुँचे जहाँ पर तामिया सहित पूरी विधानसभा से पहुँचे भक्तगणों, वरिष्ठ काँग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने ढोलबाजे एवं आतिशबाजी के साथ यात्रा का स्वागत किया।

विधायक श्री उईके ने नवरात्र की प्रतिपदा तिथि पर परंपरानुसार माँ नैनादेवी का विधिविधान से पूजन कर प्रथम चुनरी अर्पित करते हुए अपनी चुनरी यात्रा का श्री गणेश किया। इसके पश्चात वे अपने साथियों के साथ रीछ डोबरा, हरसदिवारी, झौतकला, घटिया, मुंगसिया, भाण्डी, निशान, जामुन डोंगा, बांगई, खैरी, कुर्सी ढाना, कानखेड़ी, उमरडोह एवं रैनीखेड़ा ग्रामों में पहुँचे जहाँ के विभिन्न पंडालों में विराजी आदिशक्ति माँ जगत जननी को चुनरी एवं प्रसाद भेंट कर झिरपा में यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ। 23 अक्टूबर मंगलवार को शारदीय नवरात्र की द्वतीय तिथि को प्रातः आदि शक्ति माँ ब्रम्हचारिणी का पूजन कर चुनरी यात्रा झिरपा के समस्त दुर्गा पंडालों में चुनरी प्रसाद अर्पित कर ग्राम करेर, सावरवानी, तालढाना, पुरतला, माहुलझिर, खारा, कोहपानी में चुनरी अर्पित की।

## गाडगे बाबा समिति महिला मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

पांढुर्ना। गत दिवस संत गाडगे बाबा समिति महासंघ महिला मोर्चा जिला पांढुर्ना अध्यक्ष योगिता तरूडकर ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। संगठन का विस्तार शाम सेवतकर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष, अशोक बाथरे प्रदेश संगठन प्रभारी तथा प्रदेश संगठन मंत्री सुधाकर निंबुलकर के मार्गदर्शन में हुआ। जारी कार्यकारिणी के अनुसार सुरेखाताई चौरासे, लंकाताई शेंडे एवं प्रभाताई गव्हणकर को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। शालिनीताई सौदागर सचिव, कल्पनाताई सौदागर एवं पुजाताई ढोले सहसचिव, नेहाताई निंबुलकर कोषाध्यक्ष, संगीताताई ढोले जिला संगठन मंत्री, संगीताताई कालबांडे लोधिखेडा एवं मंदाताकई जुनघरे सौंसर सहसंगठन मंत्री तथा प्रचारमंत्री के पद पर सुषमाताई वरूडकर को मनोनीत किया है। कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में माधुरीताई चौरासे, शोभाताई कालबांडे, वैशालीताई चौरासे, वनीताताई ढोले, ममता सौदागर, मंदाताई सौदागर, प्रीति कालबांडे, मालाताई ढोले, सुनीताताई तरूडकर, प्रतिभाताई निंबुलकर, सारिकाताई निंबुलकर, सुनंदा ढोले, रोशनी वंजारी, मोना चौरासे, मालाताई सौदागर, निर्मलाताई तरूडकर तथा पल्लवरी सौदागर का समावेश है। संगठन में सलाहकार के रूप में आशाबाई सौदागर, शिलाताई निंबुलकर, मंदाताई कालबांडे, संगीताताई कालबांडे, बेबीताई सौदागर तथा लताताई तरूडकर को शामिल किया गया है।

### भाजपा के दबाव में हुआ कलेक्टर कार्यालय का स्थान चयन

# पांढुर्ना, सौंसर, नांदनवाड़ी के लिए प्रस्तावित स्थल असुविधाजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



एसडीएम कार्यालय के ठीक पीछे स्थित जवाहर पार्क में अमरावती रोड पर कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना का स्थान चिन्हित किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने धरना एवं प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एकत्रित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक निलेश उईके ने कहा कि कलेक्टर कार्यालय का स्थान केवल कांग्रेस का मुद्दा या समस्या नहीं है। यदि कलेक्टर साहब को ऐसा लगता है तो इन्होंने सभी पार्टी के प्रतिनिधियों, सामाजिक संस्था प्रमुखों और गणमान्य नागरिकों से इस विषय पर जनसंवाद करना चाहिए। इहोंने कहा कि कलेक्टर कार्यालय शहर से इतनी अधिक दूर बनाया जाना जनता के हित में नहीं है। हम प्रशासन की मनमर्जी नहीं चलने देंगे।

सौंसर विधायक विजय चौरे ने कहा कि भाजपा नेता नानाभाऊ मोहोड और जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड के दबाव में जिला प्रशासन ने मजबूर होकर यह निर्णय लिया है। प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय से लगभग 200 मीटर बाजू में कुछ माह पूर्व ही सौंसर के भाजपा नेताओं ने मेन रोड पर 15 करोड रू. में जमीन खरीदी है। इस जमीन का सौदा होने के बाद प्रशासन पर दबाव डालकर कलेक्टर कार्यालय का स्थान निर्धारित किया गयां है। जिला प्रशासन के अधिकारीगण भाजपा नेताओं के दबाव में सौंसर, पांढुर्ना और नांदनवाडी की जनता के हितों के विपरीत जाकर निर्णय ले रहे है। इन्हांने कहा कि मठ-मंदिर को दान में मिली जमीन को कलेक्टर साहब दोबारा दान नहीं ले सकते। यदि इस मुद्दे पर जिला प्रशासन पुनर्विचार नहीं करता तो हम सौंसर, पांढुर्ना और नांबदनवाडी बंद का आयोजन करेंगे। इसके बाद विधानसभा में सवाल उठाएंगे और फिर न्यायालय की शरण भी लेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष जतन उईके ने कहा कि हम कांग्रेसियों को कोई डरा नहीं सकता हम अंतिम क्षणों तक यह लडाई जारी रखेंगे। सौंसर विधायक विजय चौरे ने कहा कि कलेक्टर कार्यालय के सर्वाधिक उपयुक्त स्थान कृषि उपज मंडी पारिसर और इसके आस पास स्थित शासकीय भूमि है। इस शासकीय भूमि का परिसर 5-7 किमी है। इसमें से जरूरत की भूमि लेकर कलेक्टर कार्यालय आसानी से बनाया जा सकता है। इसके पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील बुधराजा ने कहा कि पांढुर्ना, सौंसर और नांदनवाडी के नागरिकों को आजीवन परेशानी उठानी पडे ऐसा निर्णय हम जिला प्रशासन को कदापि नहीं लेने देंगे। इसके पहले अनेक कांग्रेस नेताओं ने एकत्रित जनसमूह को संबोधित कर इस मुद्दे पर अपनी राय रखी। आज रैली प्रदर्शन में सौंसर, पांढुर्ना एवं नांदनवाडी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, जनपद सदस्य तथा कांग्रेस के अन्य संगठनों के सदस्यों के अलावा अनेक मौजूद रहे।

## देवऋषि नारद का टूटा घमंड, श्रीजी की हुई स्थापना

जुन्नारदेव। बीती रात को नगर के श्री रामलीला मंच, विजय स्तंभ पर क्षेत्र की प्रसिद्ध ऐतिहासिक सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक धरोहर श्री रामलीला का मंचन प्रारंभ हो गया। यह रामलीला का मंचन श्री नारद मोह की लीला से प्रारंभ हुआ, जिसमें



देव ऋषि नारद के द्वारा इंद्र के सखा कामदेव पर विजय हासिल कर लेने के बाद उत्पन्न हुए घमंड को चूर-चूर किए जाने की लीला का मंचन किया जाता है। इसी लीला का प्रदर्शन बीती रात को स्थानीय श्री राम लीला मंच पर किया गया। देव ऋषि नारद हिमालय की मनोरम कंदराओं को देखकर वहां तपस्या में लीन हो जाते हैं। इसको लेकर स्वर्ग के राजा इंद्र चिंतित हो जाते हैं। कामदेव और स्वर्ग लोक की अप्सराओं को वह उनकी तपस्या को भंग करने के लिए भेजते हैं, जिसमें वह असफल हो जाते हैं। इस तरह से नारद कामदेव पर जीत हासिल कर लेते हैं। जिसका उन्हें अभिमान हो जाता है। अपने प्रिय भक्त देव ऋषि नारद के मन में पैदा हुए इस अभिमान को चूर करने के लिए भगवान विष्णु एक लीला रचते है, जिसमें कौतुक नगर में राजकुमारी का स्वयंवर का आयोजन किया जाता है जिसमें नारद को भगवान विष्णु अपना हरि रूप न देते हुए वानर का रूप देते है। राजा शीलनिधि के दरबार में अपनी जगहसाई से क्रोधित देव ऋषि नारद विष्णु जी को श्राप देते हैं, लेकिन कुछ ही देर बाद देव ऋषि नारद को अपनी गलती का एहसास होता है और वह अपने आराध्य भगवान विष्णु के प्रति समर्पित होकर क्षमा याचना करते हैं। इस लीला का मंचन देर रात्रि तक होता रहा जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने सराहा। आज की इस लीला में भगवान विष्णु के पात्र का सजीव व जीवंत अभिनय आकाश परसाई, नितिन चिंटू बत्रा (देव ऋषि नारद), मुकेश विश्वकर्मा (राजा शीलनिधि), राघे बंदेवार (भगवान शंकर), शोभित गुप्ता (देवराज इंद्र), अक्षय जोशी (कामदेव), बलवीर (नृत्यांगना), बेनी प्रसाद बरहेया एवं मुन्नालाल जमधरिया (शिवगण), वंश विश्वकर्मा, कर्णव पंचेश्व, विनोद कुमार के द्वारा मनमोहक भूमिकाये अदा की गई.श्री किरीट पूजन से हुआ विधिवत आरंभ, श्रीजी एवं घट की भी हुई स्थापना श्री रामलीला समिति एवं दुर्गोत्सव समिति जुन्नारदेव की बीते 99 वर्ष की स्थापित परंपरा के अनुसार इस रामलीला के मंचन की शुरुआत ऐतिहासिक व प्राचीन मुकुट अर्थात किरीट के पूजन से किया जाता है। यह क्रिएट पूजन समिति के श्री संतोष बडोनिया एवं श्री रामलीला समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारीयो के द्वारा इसका विधिवत पूजन अर्चन करने के बाद ही रामलीला प्रारंभ हुई। इसके अतिरिक्त दोपहर में रामलीला मंच के ठीक बगल में ही देवी प्रतिमा एवं घट स्थापना पूर्ण अनुष्ठान के साथ की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्री रामलीला समिति के पदाधिकारी, सदस्यगण , पात्रगण एवं आमभक्तजन मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार पखवाड़ा के अंतर्गत सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 2112 मरीज का पंजीयन किया गया जिसमें 819 पुरुष एवं 1493 महिलाओं ने शिविर का लाभ प्राप्त किया। इस शिविर में जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज, छिंदवाड़ा के विशेषज्ञ चिकित्सक दल द्वारा निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया। शिविर में पूर्व विधायक नथन शाह कवरेती, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी और नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मंडल महामंत्री अनिरुद्ध, बीएमओ सुरेश नागवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन,राजेंद्र सूर्यवंशी, प्रमोद बंदेवार, अमित यादव सहित भाजपा के मंडल पदाधिकारियों युवा साथियों के साथ पहुंचकर मरीजों से चर्चा कर जिले से सेवा देने आए डाक्टरों का सम्मान किया।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार स्वास्थ्य शिविर दिनांक 22 सितंबर 2025 को कैंप प्रभारी डॉ सुरेश कुमार नागवंशी खंड चिकित्सा अधिकारी जुन्नारदेव सहित छिंदवाड़ा से डॉ शशिकांत आर्य, डॉ अविनाश धाकड़- मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ अमित रहांगडाले- अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ सुशील दुबे - नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ भूपेश कुशराम- सर्जरी रोग विशेषज्ञ, डॉ प्रीतिबाला- दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ भारती- नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ- निधि स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव के डॉ अख्तर, डॉ प्राची साहू, डॉ राजकुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ यूके नेमा उपस्थित रहे जिन्होंने शिविर में सहयोग प्रदान किया।

## नगरपालिका की स्वच्छ भारत मैराथन आज

जुन्नारदेव। नपा की स्वच्छ भारत मैराथन कल प्रातः 8 बजे सेस्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 अंतर्गत बुधवार को नगर पालिका जुन्नारदेव की स्वच्छ भारत मैराथन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। मैराथन नगर पालिका कार्यालय प्रांगण से शुरू होकर चिखलमऊ चौराहा होते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी में चौक पर समापन किया जाएगा। इस मैराथन में आप सभी मंडल पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि ओर आम नागरिक सादर आमंत्रित है।

## नई सीएमओ नेहा धुर्वे का स्वागत

न्यूटन / परासिया :- नगर पंचायत न्यूटन में बीते कुछ महीनों से सी एम ओ के तबादले , प्रभार का सिलसिला जारी है , हाल ही में बड़कुही नगर पंचायत के सी एम ओ राहुल कौरव को न्यूटन सी एम ओ से प्रभार मुक्त कर पूर्व में यहीं पदस्थ रहे सी एम ओ अजय ठाकरे को प्रभार सौंपा गया था । अब जुन्नारदेव सी एम ओ नेहा धुर्वे को न्यूटन सी एम ओ की जवाबदारी सौंपी गई है । जिन्होंने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया । परिषद के लोगों द्वारा सी एम ओ नेहा धुर्वे का बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया गया । अध्यक्ष



अनुपमा राय ने सी एम ओ को मिठाई खिलाई । इस अवसर पर इंजीनियर आरती तेकाम , सभापति नीरू चंदेल , शेख वशीम सहित स्टाफ मौजूद रहा ।

## कीटनाशक दवा के प्रभाव में आने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम कोसुंबा में एक किसान की खेती के छिड़काव में उपयोग की जाने वाली कीटनाशक दवा के प्रभाव में आने से मौत होने का मामला सामने आया है. घटना सोमवार की है रात्रि तकरीबन 10 बजे के आसपास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में उपचार के दौरान किसान की मौत हो गई. मंगलवार की सुबह 11 बजे मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया. प्राप्त जानकारी अनुसार कोसुंबा निवासी भेजनलाल पिता भागचंद ठाकरे सोमवार को अपने स्वयं के खेत में धान की फसल में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने के लिए गए हुए थे शाम करीब 6 बजे वह अपने खेत से घर वापस लौटकर आए और शाम लगभग 8 बजे उनका जी मचलने (मतली) यानी उलटी जैसा महसूस हुआ और पेट में बैचेनी होनी लगी. इसके साथ ही उनके मुंह से झाग निकलने लगी. स्थिति को भांपते हुए परिजन उन्हें उपचार के लिए तत्काल सरकारी अस्पताल कटंगी लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान रात्रि में तकरीबन 10 बजे किसान की मौत हो गई. मृतक किसान भेजन लाल के छोटे भाई ने बताया कि भेजन लाल के दो पुत्र और एक पुत्री है पुत्री का विवाह हो चुका है जबकि दोनों पुत्र महाराष्ट्र की उप राजधानी नागपुर में रोजी-रोटी कमाने के लिए जाते हैं. गांव में भेजन लाल अपनी पत्नी के साथ निवास करता था घटना के वक्त घर पर केवल पति-पत्नी ही मौजूद थे. इस घटना के बाद के बाद गांव में मातम छाया हुआ है।

जानकार बताते है कि खेतों में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते वक्त किसानों को मुंह में मास्क और हाथ में ग्लव्स लगाकर ही छिड़काव करना चाहिए. इसके साथ ही हवा के विपरीत दिशा में कभी भी दवा का छिड़काव नहीं करना चाहिए. ऐसे करने पर दवाइयां शरीर में आती है और शरीर में रिएक्शन होता है. दवा छिड़काव के दौरान साबुन से हाथ धोने के बाद ही कोई भी चीज खाना चाहिए. अधिकतर देखा जाता है कि किसान खेतों में दवा छिड़काव के दौरान ही बीड़ी सिगरेट या गुटखा का सेवन कर लेते हैं जो उनके लिए खतरनाक साबित हो जाता है. अगर शरीर में कोई भी चोट के निशान हो तो उसे पूरी तरीके से ढंककर ही दवा का छिड़काव करना चाहिए. अन्यथा घाव वाले निशान में दवा संपर्क में आएगी तो खतरा हो सकता है।

### 145 से अधिक कर्मचारियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

## नगरपालिका के सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। नगरपालिका परिषद वारासिवनी के कार्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के साथ संयुक्त रूप से किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में निकाय में कार्यरत स्वच्छता सफाई मित्र एवं स्वच्छता कार्य से संबंधित समस्त कर्मचारियों, प्रभारियों तथा उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी से आये चिकित्सक स्टॉफ द्वारा किया गया।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके द्वारा अवगत कराया गया कि निकाय में कार्यरत सफाई कर्मचारी, नगर की स्वच्छता की मुख्य सूत्रधार हैं, इनके द्वारा दैनिक रूप से नगर में नाला-नालियों की साफ सफाई, कचरा पृथक्कीकरण प्रक्रिया के तहत घरों से विभिन्न प्रकार का कचरा एकत्रीकरण एवं अन्य स्वच्छता कार्य किये जाने है। ऐसे कार्य से इनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इस दृष्टि से समय-समय पर हमारे स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सकों के माध्यम से कराया जाना नितांत आवश्यक होता हैं।

उन्होंने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान आयोजित शिविर में स्वच्छता मित्रों एवं उनके परिजनों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन एवं आवश्यक परामर्श जैसी सेवाएँ प्रदान की गई। नगर पालिका द्वारा यह पहल स्वच्छता मित्रों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और उनके परिवारों को भी स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। शिविर में कुल 145 से अधिक लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मियों एवं उनके परिवार के कल्याण हेतु इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे। जिससे हमारे सफाई मित्र एवं उनके परिजन स्वस्थ्य रहें तथा उनके स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी चिकित्सकगण, पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने निकाली नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली, नशे से दूर रहने की अपील की



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा स्कूली विद्यार्थियों की रैली निकाल कर नशा मुक्ति अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जन.जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। नगरपालिका परिषद वारासिवनी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश ऊके ने बताया कि शासन के दिशा निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक दैनिक रूप से स्वछता ही सेवा अभियान के साथ साथ नशा मुक्ति अभियान भी संचालित किया जाना है। इसी अनुक्रम मे 20 सितम्बर को स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण करवाई गई। छात्रों को जीवन में नशा से दूर रहने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने हेतु संकल्पित किया गया। स्कूली छात्र- छात्राओं की जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्त समाज के संदेश से युक्त बैनर एवं नारे लगाते हुए विद्यालय परिसर मे रैली निकाली गई। रैली एवं शपथ कार्यक्रम में नगर पालिका अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकों ने भी भाग लिया एवं विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश ऊके द्वारा नगर के नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने परिवार, समाज एवं भावी पीढ़ी को नशा मुक्त रखने में सहयोग दें।

## पशुपालक की भैंस धोते वक्त तालाब में डूबने से मौत

कटंगी। कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जराहमोहगांव के मणी टोला में सोमवार को एक पशुपालक की गांव के ही तालाब में डूबने से मौत हो गई. एसडीआरएफ और होमगार्ड की टीम की 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शाम 07 बजे शव को तालाब के भीतर से खोजकर बाहर निकाला और शव को पीएम के लिए नजदीक के सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया गया है. मंगलवार की सुबह 10 बजे शव का पीएम किया गया. मिली जानकारी अनुसार मणीटोला जराहमोहगांव निवासी खेमचंद पिता पन्नालाल बिसेन घर की पालतू मवेशी भैंस को धोने के लिए सुबह करीब 08 बजे गांव के ही तालाब की तरफ गया हुआ था. सुबह करीब सवा 11 बजे के आस-पास खेमचंद के पानी में डूबने का ग्रामीणों को पता चला. ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी. वहीं ग्रामीणों ने स्थानीय मछुआरों की मदद से तालाब के भीतर खेमचंद के शव की तलाश करवाई लेकिन काफी प्रयास के बाद भी खेमचंद का शव नहीं मिला. शाम करीब 04 बजे बालाघाट से एसडीआरएफ और होमगार्ड की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई. शाम 05 बजे से टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव की तलाश शुरू की और करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया. ग्रामीणों ने बताया कि खेमचंद दो बच्चों को पिता है दो दिन पहले ही उसने भैंस खरीद कर लाया था. जिसे धोने के लिए तालाब लेकर गया था जहां डूबने से उसकी मौत हो गई।

### श्रद्धा, आस्था और आराधना का महापर्व

## लालबर्रा सहित ग्रामीण अंचल में दुर्गा उत्सव की धूम



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा। अश्विन शुक्ल प्रतिपदा से शुरू हुए शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर लालबर्रा नगर सहित ग्रामीण अंचल में भक्ति और उत्साह का माहौल है। इस वर्ष नवरात्रि 9 दिन की जगह 10 दिनों की होने से भक्तों में माता रानी के प्रति श्रद्धा और भी बढ़ गई है। रविवार से ही मूर्तिकार मां की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे रहे वहीं भक्त माता की प्रतिमा को पंडालों तक पहुंचा रहे थे। दुर्गोत्सव समितियों ने विधि-विधान से प्रतिमाओं की स्थापना की। देर शाम से शुरू हुआ यह क्रम देर रात तक चलता रहा। अब पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। नवरात्रि की तृतीया से यह भीड़ और भी बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें न सिर्फ नगर के, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।इस महापर्व को देखते हुए, पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।अगले नौ दिनों तक, सार्वजनिक पंडालों, मंदिरों और घरों में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। नवरात्रि के दौरान, पंचमी से लेकर नवमी तक कन्या पूजन और भोज का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनकी पूजा की जाएगी। यह पर्व शक्ति की भक्ति और आराधना का प्रतीक है, जो सभी के जीवन में सुख-शांति लेकर आता है। इसी कड़ी में नवदुर्गा उत्सव समिति घोटी में पथक- पथक भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया है जिसमें 24 सितंबर बुधवार को वार्ड नंबर 7 पंच सीताराम गजबे द्वारा मिठाई- पेड़े प्रसाद में बांटे जाएंगे। इसके अतिरिक्त पूरे नवरात्र पर्व पर अलग-अलग श्रद्धालुओं द्वारा आरती पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार पर की चर्चा

## सांसद ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने 23 सितम्बर को बिलासपुर में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के साथ बैठक कर संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं के पर विस्तार से चर्चा की और उनकी मांगो पर आवश्यक कदम उठाने कहा।

सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि बालाघाट स्टेशन के गुड्स शेड को शीघ्र हट्टा स्थानांतरण कर वहाँ नए गुड्स शेड का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। बालाघाट स्टेशन में दूसरे प्रवेश द्वार (सेकेण्ड एण्ट्री), नवीन बिल्डिंग के निर्माण कार्य प्रारंभ करे साथ ही एस्कलेटर, लिफ्ट, फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) और प्लेटफार्मों की संख्या में वृद्धि हेतु आवश्यक कदम उठाए जाए। इन्दौर से होकर नैनपुर तक चलने वाली पेंचवली ट्रेन (कोड 19343-19344) का बालाघाट तक विस्तार किया जाए। प्रस्तावित अमृत भारत ट्रेन (बिलासपुर से दिल्ली) एवं दुर्ग से भोपाल के मध्य चलने वाली अन्य गाड़ियों को बालाघाट होकर चलाया जाए।

सांसद श्रीमती पारधी ने महाप्रबंधक से कहा कि बालाघाट एवं सिवनी शहर में अमृत भारत योजनांतर्गत रेलेवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार किया गया है, जिनका प्रतिदिन साफ-सफाई एवं मैंटनेंस किय जाना आवश्यक है, इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए। बालाघाट जिले में रेलवे की ओर से चल रहे आर.ओ.बी. कार्यो को अविलंब पूर्ण किया जाए। रायपुर से जबलपुर के मध्य चलनें वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस (11701-11702) का लामटा रेलवे स्टेशन में स्टापेज दिया जाए। बालाघाट जिले के बैहर चौकी रेलवे क्रॉसिंग (रेलवे क्रासिंग क्रमांक GJ-37) पर ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाए। हजरत निजामुद्दीन से जबलपुर के मध्य चलने वाली रेल (ट्रेन क्रमांक 22182) को सिवनी रेलवे स्टेशन तक संचालित किया जाए।

## आज भरेवली में देवी जागरण जबलपुर का कार्यक्रम

बालाघाट। बालाघाट में नवरात्र पर्व के अंतर्गत मॉयल सार्वजनिक दुर्गाउत्सव समिति द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इस क्रम में 24 सितम्बर, बुधवार को देवी जागरण का विशेष आयोजन होगा। इस अवसर पर अमन परवाना (पंजाब) एवं इंडियन आइडल फेम इसरत जहां (मुंबई) अपनी प्रस्तुति देंगे। समिति ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था को प्रकट करना ही नहीं, बल्कि क्षेत्र में सांस्कृतिक वातावरण को और समृद्ध करना भी है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार सहित इस भव्य देवी जागरण में शामिल होकर मां दुर्गा के दर्शन करें और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लें। सामूहिक सहभागिता से न केवल परंपरा सशक्त होगी बल्कि समाज में एकता और उत्सव भावना भी और प्रगाढ़ होगी। यह आयोजन क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बनेगा।

**खबर संक्षेप**

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अग्रसेन जयंती

**कहानी:** विगत कई वर्षों की परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी नगर कहानी में अग्रवाल समाज के द्वारा भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई समस्त अग्रवाल समाज की उपस्थिति में दिव्य सजावट के साथ तैयार रथ पर भगवान अग्रसेन महाराज की प्रतिमा को स्थापित कर ढोल नगाड़ों आतिशबाजी के साथ नगर कहानी मैं स्थापित सभी देवालयों में पूजन अर्चन करते हुए जुलूस में नगर कहानी का भ्रमण किया उसके बाद कार्यक्रम स्थल में वापस पहुंचकर विधि विधान के साथ भगवान अग्रसेन जी महाराज एवं माता महालक्ष्मी की पूजन अर्चन करने के बाद उपस्थित सामाजिक जनों को फलाहार भोज वितरित किया गया ब्रेस्ट सेवानिवृत शिक्षक डीएलसी अग्रवाल के द्वारा उपस्थित सामाजिक जनों को अपने उद्बोधन से संबोधित करते हुए नैतिक पदों पर चलने की सीख दी गई और नगर में होने वाले समस्त धार्मिक आयोजनों में अपना सहयोग प्रदान करने का आग्रह भी किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर कहानी की समस्त अग्रवाल समाज ने अपना तन मन धन से सहयोग प्रदान किया।

# वन विभाग के अधिकारियों की सक्रियता के चलते वन प्राणी के शिकारी पहुंचे जेल

**छपारा**–वन मंडल अधिकारी एम एस उईके उत्तर सिवनी सा वन मंडल के मार्गदर्शन एवं शरद सिंह परीक्षेत अधिकारी छपारा के नेतृत्व में सहायक परीक्षेत अधिकारी बकोडा सिवनी सहायक परिक्षेत्र अधिकारी छपारा सहायक परिक्षेत्र अधिकारी चमारी सहित वन रक्षकों के साथ योजनाबद्ध तरीके से ग्राम बारी में वन प्राणी जंगली सूअर के शिकार की सूचना मुखबीर से प्राप्त होते ही तत्परता से वन परीक्षेत छपारा के सहायक परिक्षेत्र बकोडा सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजा देवरी के बारी ग्राम के राजस्व विभाग के जंगल में वन प्राणी का करंट लगाकर शिकार करने वाले उक्त लोगों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया जिसमें संतलाल पिता मंगलसी यादव ग्राम वारी पतुराम पिता गोकल यादव वारी छोटेलाल पिता बदामी विश्वकर्मा गाडरवारा हरिप्रसाद पिता अमर लाल यादव गाडरवारा कल्लू पिता अंतू बरकडे ग्राम बारी दुर्गेश पिता चिन्ना मेहरा ग्राम बारी अशोक पिता पेसू भलावी ग्राम वारी सूरज पिता भंगी यादव ग्राम बारी भूरा पिता केवल विश्वकर्मा ग्राम बारी रामचरण पिता झम्मू बरकडे ग्राम बारी अपराध घटित करा जिन्हें वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2,.9, 39, 51 ,52, के तहत प्रकरण 90 ,491 , 23 108 दिनांक 07 /09/025 जारी कर चार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया 6 फरार आरोपीयो को 16-09-025 को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है कुछ आरोपी फरार बताया जा रहे हैं जिनकी तलाश और विवेचना जारी है।

घटना की जानकारी वन विभाग को प्राप्त होती है वन विभाग का सूचना तंत्र मजबूत है जिससे वन प्राणियों का शिकार की घटना कम हुई है। वन प्राणियों के शिकार की घटना ना हो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करना होगा

वन विभाग के उच्च अधिकारियों से उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही करनी चाहिए जिससे एक दो वन प्राणी शिकार की घटना भी ना घटित हो वन विभाग के कामकाज की नियमित निगरानी और ऑडिट करना चाहिए ताकि लापरवाही का पता लगाया जा सके जिसमें वन प्राणियों के संरक्षण के महत्व और तरीकों पर जोर दिया जाए जिससे भी वन प्राणी के शिकार की घटना पूरी तरह रोक जा सकती है।

## जंगली सुअर का शिकार करने वाले अपराधियों को वन विभाग ने गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुत्र किया



सिवनी। म.प्र. राज्य वन विकास निगम बरघाट परियोजना मण्डल सिवनी, के परियोजना परिक्षेत्र पांडिया छपारा अंतर्गत दिनांक 21.09.2025 को शायं 05.00 बजे एच.एल. दाहिया, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पांडिया छपारा को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर परिक्षेत्र अधिकारी एवं अधिनस्थ वन अमले जांच हेतु मौका स्थल पर पहुंचे पिपरिया बीट के ग्राम होलूटोला के राजस्व क्षेत्र में 04 आरोपियों द्वारा जी.आई. तार से करेंट लगाकर जंगली सुअर का शिकार किया गया था, मौके पर आरोपियों के निशानदेही जी.आई. तार, कुल्हाड़ी 1 नग. लकड़ी के 2 तुकड़े जिसमें मांस काटा गया, जप्त कर चारो आरोपी 1 झाडूसिंह वल्द संपत सिंह, जाति गौंड, ग्राम होलूटोला 2 जयसिंह वल्द दयाल सिंह गौंड, उम्र 35 वर्ष, 3 रामेश्वर वल्द वीरनलाल जाति मरार, साकिन खुरसुरा, 4 गोविन्द वल्द केशरी चंद जाति बागरी उम्र 50 वर्ष साकिन परासपानी, को गिरफ्तार कर वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 एवं संशोधित वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 2022 के विभिन्न धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को दिनांक 22.09.2025 को न्यायालय के सुपुर्द किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप संभागीय प्रबंधक,अनिल कुमार क्षत्रिय, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पांडिग छपारा एच.एल. दाहिया, सहायक परियोजना क्षेत्रपाल एस.सी. वरकड़े, कार्यवाहक वनपाल बी.एल. आर्मो, वन रक्षक विसराम सिरसाम, स्थायीकर्मी गिरधर, संतकुमार, बाबूलाल, बलदेव, रतन, सियालाल सुरक्षा श्रमिक तामसिंह, तेजसिंह एवं उड़नदस्ता वाहन चालक वाहिद खान का सराहनीय योगदान रहा।

# ग्राम नशा मुक्त बनाएंगे लड़ाई से मुक्ति पायेंगे



**सोनखार (प्रदीप तिवारी)--ग्राम बाबरी (ग्राम पंचायत-बाबली) महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है यहां महिलाओं का कहना है घर के पुरुष कभी घर सामान वह अनाज बेच देते हैं शराब पी लेते हम महिला जब काम के लिए बाहर जातें और शाम को घर आते हैं तो**

### कुछ सामान गायब मिलता आते दिन घर पर व ग्राम में लड़ाई होती रहती

चूंकि ग्राम पंचायत-बाबली सरपंच महिला ही इस बैठक कर हम लोगों ने निर्णय लिया की पूरे ग्राम नशा मुक्त बनाएंगे आते होने लड़ाई से मुक्ति पायेंगे ही जो पैसा बचेगा वह पूंजी अपने बच्चों पर खर्च कर अच्छा शिक्षा देंगे । और जो जुर्माना वसूला जाएगा व गाव के विकास में लगाया करेंगे महिलाओ यह कदम निश्चित सहानी कदम और सभी के साथ की अपेक्षा रखते।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 192 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत एवं सहायक कलेक्टर श्री पंकज वर्मा सहित सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा आमजन से प्राप्त विभिन्न शिकायतों एवं आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। जिलास्तरीय जनसुनवाई में कबीर वार्ड डूंडासिवनी निवासी राजाराम यादव द्वारा शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम केकडई निवासी दिलीप भालेकर द्वारा बंदोबस्त के समय दर्शाये गए कम रकबे को सुधारे जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम भजिया निवासी हरिप्रसाद गोल्हानी द्वारा वन भूमि का पट्टा दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम देवरी कलां निवासी सुषमा यादव द्वारा मुख्यमंत्री बाल आर्शीवाद योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम कुप्पीटोला निवासी गणेश उइके द्वारा पट्टा दिलाये जाने विषयक, सुहागपुर लखनादौन निवासी सतीश कौशले द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना कालाभ दिलाये जाने विषयक, चुनाभट्टी सिवनी निवासी गीता धुर्वे द्वारा गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम धारनाकलां घीसी निवासी चंद्रकला पटले द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम घूरवाडा निवासी अर्जुनसिंह तेकाम द्वारा राजस्व अभिलेख में सुधार एवं नामांतरण कराये जाने विषयक, ग्राम बम्हनी बरघाट निवासी रामसिंह गोनेकर द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम गरठिया सिवनी निवासी सपना बंदेवार द्वारा करेंट से हुई मृत्यु उपरांत अनुदान राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम औरियामाल सिवनी निवासी मोहन लाल कुमरे द्वारा फसल नुकसानी की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम हथनापुर थाना लखनवाडा सिवनी निवासी मीना बाई वर्मा एवं अन्य द्वारा नल जल योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम बरेला घाट निवासी मोतीलाल कुमरे द्वारा हालौन जलाशय के निर्माण हेतु अर्जित भूमि का मुआवजा दिलाये जाने विषयक, ग्राम बिनेकी जमुनिया सिवनी निवासी रामदीन बघेल द्वारा वृद्धापेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम सरई तहसील केवलारी निवासी समीमा बानों द्वारा गरीबी रेखा का कार्ड एवं खाद्यान्न पर्ची बनाये जाने विषयक, डूंडासिवनी निवासी शिवकुमारी द्वारा पक्की नाली निर्माण कराये जाने विषयक, ग्राम कुडोपार बरघाट निवासी ओझा धुर्वे द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक सहित कुल 192 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

# जिला चिकित्सालय में एनडीआरएफ ने दी भूकंप से सुरक्षा की जानकारी, किया मॉक ड्रिल

**सिवनी / भारत सरकार गृह विभाग के मार्गदर्शन में 11वीं बटालियन एनडीआरएफ वाराणसी की टीम ने आज जिला चिकित्सालय में भूकंप आपदा प्रबंधन विषय पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान टीम ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अस्पताल में मौजूद लोगों को भूकंप की स्थिति में सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी।**

मॉक अभ्यास के दौरान भूकंप आपदा पर एक परिदृश्य को चित्रित किया गया, जिसमें जिला अस्पताल, सिवनी की इमारत का हिस्सा ढहने से कुछ मरीज के फंस जाने एवं बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण इमारत के एक हिस्से में आग लगने का प्रदर्शन किया गया। तदनुसार, ई ओ सी को घटना के बारे में सूचित किया गया। जिसने एनडीआरएफ के नियंत्रण कक्ष एवं सभी संबंधित हितधारकों को आपात प्रतिक्रिया के लिए सूचित किया। एनडीआरएफ की टीम के पहुंचने से पहले सतही पीड़ितों को प्रथम उत्तरदाताओं ने सुरक्षित निकाल लिया। एनडीआरएफ की टीम निरीक्षक संजीव कुमार गुप्ता कि नेतृत्व में घटना स्थल पर पहुंचने पर प्रारंभिक आकलन किया तथा ऑपरेशन बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट, कम्युनिकेशन पोस्ट स्थापित किए। आकलन के तुरंत बाद टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और विक्टिम लोकेटिंग सिस्टम तथा कटिंग उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए इमारत में पहुँच बनाकर गंभीर रूप से फंसे पीड़ितों को बचाया। ऊपरी मंजिल में फंसे अन्य पीड़ितों को विभिन्न रस्सी बचाव तकनीकों से बचाया गया। पीड़ितों को अस्पताल पूर्व उपचार देने के बाद मेडिकल एजेंसियों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। यह पूरा मॉक अभ्यास इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम के दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया था और पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया। इस मॉक अभ्यास का मुख्य उद्देश्य भूकंप आपदा के दौरान प्रभावित हुए व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी रेस्पोंस एजेंसियों का रेस्पोंस चेक करना व सभी हित धारकों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना तथा राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना भी है। मॉक ड्रिल में होमगार्ड, एसडीआरएफ सहित डीडीएमए, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवा, आपदा मित्र, अस्पताल कर्मचारी, स्थानीय लोग तथा मीडिया कर्मियों ने भाग लिया। एनडीआरएफ बचाव दल द्वारा प्रदर्शित पेशेवर कौशल की जिला प्रशासन एवं अन्य हितधारकों द्वारा अत्यधिक सराहना की गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री विजय सेन सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारियों की उपस्थिति भी

### कृषकों के हित में विभागीय समन्वय से कार्य करें-कृषि सचिव

सिवनी / किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सचिव श्री निशांत वरवड़े ने आज सिवनी पहुँचकर कृषि एवं सम्बंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुनीता खंडायत, सहायक कलेक्टर पंकज वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की अंताक्षरी प्रतियोगिता संपन्न

# संगीतमय वातावरण के बीच हजारों दर्शक हुए मंत्रमुग्ध



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के जबलपुर रोड स्थित एम एम अग्रोहा लान में जिला मनोरंजन समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की अंताक्षरी प्रतियोगिता का समापन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51हजार रुपए नगद और ट्रॉफी श्रीमती हनी गुप्ता/सुरेंद्र उइके ने जीता वही द्वितीय पुरुस्कार 31 हजार नगद रुपए एवं ट्रॉफी उमेश मोदी/ राकेश मोदी ने अपने नाम किया। इसी तरह तृतीय पुरुस्कार 21 हजार नगद एवं ट्रॉफी दिनेश अग्रवाल/दीपक अग्रवाल ने जीता। एम एम ग्रैंड ओपन अंताक्षरी प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी देवराज डेहरिया और अश्वनी मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला मनोरंजन समिति के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्तर की अंताक्षरी प्रतियोगिता 19 एवं 20 सितंबर को दो दिनों तक संगीतमय वातावरण में हजारों दर्शकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। दो दिनों तक चली इस संगीतमय अंताक्षरी प्रतियोगिता में हजारों दर्शक परिवार सहित उपस्थित रहते हुए स्वादिष्ट व्यंजनों एवं भोजन का आनंद उठाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नरेश भलावी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिवनी कोतवाली के टीआई किशोर बावनकर और दुंढा सिवनी थाने के नगर निरीक्षक सतीश तिवारी उपस्थित रहे। एमएम ग्रेंड अंताक्षरी प्रतियोगिता को आयोजित करने में जिला मनोरंजन समिति सिवनी के सल्लू अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, पृथ्वीराज जगने,आशीष दुबे एवं पिंकी उपाध्याय मुख्य भूमिका में रहे।

# शारदेय नवरात्र पर्व और विजयदसमी को लेकर के शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**सोनखार (प्रदीप तिवारी)।** आज चैत्र प्रतिपदा माष कुआंर की शारदेय नवरात्र का प्रथम दिवस आदि शक्ति मां जगदंबा की आराधना के साथ आरंभ हो रहा है, सभी सनातनियों को शारदेय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

इसी कड़ी में प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी के दिशा निर्देश पर पुलिस थाना उगली के थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार एवं स्टाफ के द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बैठक का आयोजन किया गया यह बैठक उगली और पां. छपारा के मध्य पतित पावन पुंण्य शलीला मां बैन गंगा हिर्रि संगम तट के पावन स्थल पर हनुमान घाट में शांतिमय संपन्न हुई,जिसमें मुख्य बिंदुओं पर थाना प्रभारी में दिशा निर्देश दिए जो निम्न अनुसार है सर्वप्रथम मार्गो को अवरुद्ध कर दुर्गा पंडाल समिति वाले ना बनाएं, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का कम से कम उपयोग करें,समिति के सभी पदाधिकारी की सूची थाना पर उपलब्ध करवायें,बड़े कार्यक्रम आदि यदि कर रहे हैं तो विशेष निगरानी के साथ समिति इसकी जानकारी उपलब्ध करायें, शराबबंदी को लेकर नशे के खिलाफ समिति को निर्देश दिए चल समारोह और विसर्जन कार्यक्रम में कान फोडू डीजे और तड़क-भड़क वाले गानों को प्रतिबंधात्मक रूप से डीजे वालों को विशेष बैठक लेकर और टेंट वालों के लिए निर्देश दिए क्योंकि वर्तमान में बरसात भी होने की वजह से दुर्गा पंडालों में कटे तार आदि को ना लगायें जिससे कोई दुर्घटना आदि ना हो शराब का सेवन,जुआ सट्टा ऐसी गतिविधियां समिति वालों पर प्रतिबंधात्मक प्रशासनिक कार्यवाही के लिए बाध्य होंगे, आदि बातों को लेकर थाना प्रभारी ने निर्देश दिए इस बैठक में उगली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों के दुर्गा समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे.

### नियम विरूद्ध संचालित 24 वाहनों पर लगाया गया 26 हजार का अर्थदण्ड

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार विगत दिवस परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि सिवनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में वाहनों की जॉच की गई। जिसमें 02 वाहन बिना फिटनेस संचालित होने पर 5000/- रूपये एवं 5 वाहन ओवरलोड पाये जाने पर 11000/- रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया एवं अन्य 17 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 12000/- रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया। बसों में ओवरलोड़ एवं अधिक किराया की भी जॉच की जा रही है। आमजन को एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। कार्यवाही निंरतर जारी रहेगी।

### अन्तर्राष्ट्रीय साइन लैंगवेज दिवस पर नर्सिंग कॉलेज में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सिवनी में मंगलवार 23 सितम्बर को श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय साइन लैंगवेज दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय नर्सिंग कॉलेज सिवनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। जिसके बाद अन्तर्राष्ट्रीय साइन लैंगवेज दिवस क्यों मनाया जाता हैं एवं इसके उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों (विशेष रूप से श्रवणबाधित) के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 अनुसार अधिकार एवं सुविधाओं से दिव्यांगजनों एवं उपस्थिति प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। सुश्री सोनम विनोदिया, ईयर मोल्ड टेकनिशियन जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी द्वारा डेफ कैन द्वारा प्रदाय की जा रही क्यू. आर. कोड (सिंगनेबल एप) जिसके माध्यम से लाईव इंटरप्रिटर की सेवा उपलब्ध कराई गई है, की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सीडम्ल्यूएसएन छात्रावास में निवासरत श्रवणबाधित दिव्यांग बच्चों द्वारा ऐरोबिक व्यायाम करके रिंग डॉन्स एवं गरबा का प्रदर्शन किया जिसकी सभी सराहना की।

# पांडे क्लासेस ने दस वर्षों में तराशे हीरे, उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**शिक्षा के क्षेत्र में सेओनी का गौरव बनी पांडे क्लासेस बीते दस वर्षों से प्रतिभाओं को तराशने का काम कर रही है। यहां से पढ़े कई छात्र आज देश के प्रतिष्ठित संस्थानों और पदों पर अपनी चमक बिखेर रहे हैं। हाल ही में आयोजित सम्मान समारोह में जेईई, नीट और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया**

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे अभाष रहांडले, जो पांडे क्लासेस में कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़े और अब भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि ने ना केवल उनके माता-पिता, गुरुजन बल्कि पूरे सेओनी जिले का नाम रोशन किया है।

### गुरु अनुराग पांडे के निर्देशन में मिली उड़ान

अभाष ने जेईई की तैयारी पांडे क्लासेस के संचालक अनुराग पांडे सर के मार्गदर्शन में की। बातचीत में अभाष ने कहा, किसी भी सफलता के पीछे गुरु का सबसे बड़ा योगदान होता है। मुझे सही दिशा देने वाले मेरे गुरु अनुराग पांडे सर ही थे। मैंने उन्हें आंख मूंदकर फॉलो किया और एक के बाद एक मुकाम हासिल करता गया।" उन्होंने आगे बताया कि वे खुद को एक औसत छात्र मानते थे, लेकिन पांडे सर की पढ़ाई की शैली और लगातार मार्गदर्शन ने उनके आत्मविश्वास को मजबूत किया। सर कभी भी सवाल पूछो, तुरंत पढ़ाने को तैयार रहते हैं। उनका विषय पर कमांड बहुत ऊँचा है लेकिन वो हमें हमारे स्तर से पढ़ाते हैं और धीरे-धीरे ऊपर ले जाते हैं।"सिर्फ पढ़ाई नहीं, व्यक्तित्व निर्माण भी पांडे क्लासेस की एक और खासियत यह है कि यहां सिर्फ अकादमिक शिक्षा नहीं दी जाती, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। अभाष ने कहा, "पांडे सर सिर्फ पढ़ाते नहीं हैं, वे हमें एक बेहतर इंसान भी बनाते हैं। यही वजह है कि आज मैं आत्मविश्वास के साथ सेना जैसी प्रतिष्ठित सेवा में शामिल हो पाया हूँ।"

### उत्कृष्ट परिणामों की परंपरा

पांडे क्लासेस हर वर्ष जेईई, नीट, और बोर्ड परीक्षाओं में शानदार परिणाम देने के लिए जानी जाती है। इस वर्ष भी कई छात्रों ने टॉप रैंक हासिल कर संस्था का नाम रोशन किया। संस्था के संचालक अनुराग पांडे ने समारोह में कहा, "हमारा उद्देश्य सिर्फ पढ़ाई कराना नहीं, बल्कि हर छात्र की क्षमता को पहचान कर उसे उसकी मंज़िल तक पहुँचाना है। हर बच्चा खास होता है, बस जरूरत होती है सही मार्गदर्शन और प्रेरणा की।" यह आयोजन छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बना और पांडे क्लासेस ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि यदि सही दिशा और समर्पण मिले, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।




### सज्जन डहेरिया: हिंदी माध्यम से IIT तक का सफर और फिर रिसर्च की उड़ान

इस मौके पर सजन डहेरिया का विशेष उल्लेख किया गया, जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम और गुरु अनुराग पांडे सर के मार्गदर्शन से वह कर दिखाया जो कई लोगों के लिए सपना होता है।सजन, जो सुक्तरा गांव से प्रतिदिन पांडे क्लासेस पढ़ने आते थे, ने 12वीं कक्षा में पूरे जिले में गणित विषय में टॉप किया। गौर करने वाली बात यह है कि वे हिंदी माध्यम के छात्र थे।

सजन ने जेईई मेन्स और एडवांस दोनों को क्वालिफाई किया और IIT खड़गपुर में चयनित हुए। लेकिन जैसा कि उनके गुरु अनुराग पांडे सर हमेशा सिखाते हैं —जिंदगी में वही रास्ता चुनो जो तुम्हारे दिल की आवाज हो",सजन ने IIT छोड़कर IISER भोपाल, देश के सर्वश्रेष्ठ रिसर्च संस्थानों में से एक, में प्रवेश लिया।

### इनका कहना है,

"मुझे बचपन से फिजिक्स बहुत पसंद थी। पांडे सर की फिजिक्स की क्लासेज़ बहुत हाई लेवल की होती हैं, जिससे मेरी रुचि और भी बढ़ती गई। वहीं से मुझे अपने लक्ष्य का एहसास हुआ।"इस सम्मान समारोह में कई अन्य छात्रों को भी उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें शामिल रहे। आर्यन जैन – JEE में 92% अंक, जयेश शुक्ला – JEE में 98%tile अंक, पलक अग्रवाल – कक्षा 10वीं में 92% tooper, इशिका (कक्षा 11वीं) जतिन (कक्षा 9वीं)– बेस्ट परफॉर्मर अनुराग पांडे, जो पांडे क्लासेस के संस्थापक व संचालक हैं, का मानना है कि "हर छात्र में प्रतिभा होती है, जरूरत है तो बस उसे समझने, तराशने और सही दिशा देने की। हम यहां सिर्फ पढ़ाई नहीं, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व भी गढ़ते है।

### छात्रों के बीच संवाद का अनमोल अवसर

अन्य विद्यार्थियों ने इन चयनित छात्रों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर टाइम मैनेजमेंट, स्मार्ट स्टडी टिप्स, और किसी भी असफलता से न डरने जैसी बातें जानीं। छात्रों ने यह भी जाना कि कड़ी मेहनत के साथ-साथ सही मार्गदर्शन और धैर्य कितना जरूरी है।

### पांडे क्लासेस: शिक्षा से आगे बढ़कर प्रेरणा का केन्द्र

पांडे क्लासेस अब केवल एक कोचिंग संस्थान नहीं रहा, बल्कि यह एक प्रेरणा स्थल बन गया है, जहाँ विद्यार्थी सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि अपने जीवन का लक्ष्य पहचानना और उसे हासिल करना भी सीखते हैं।

### कार्यक्रम के अंत में अनुराग पांडे सर ने कहा:

"जब पुराने छात्र नए छात्रों को अपने अनुभव सुनाते हैं, तो वह किसी किताब से ज़्यादा असरदार होता है। यही कारण है कि हम हर साल ऐसे मंच तैयार करते हैं, जहाँ सफलता की कहानियाँ भविष्य की प्रेरणा बनें।"

## किरनापुर नायब तहसीलदार केशोराव टेकाम निलंबित!

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।**

जबलपुर संभाग के कमिश्नर धनंजय सिंह ने कलेक्टर मृणाल मीना की अनुशंसा पर अपने कृत्यों से शासन प्रशासन की छवि धूमिल करने एवं अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण किरनापुर के नायब तहसीलदार केशोराव टेकाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय लामता नियत किया गया है। नायब तहसीलदार केशोराव टेकाम द्वारा रेत के अवैध खनन के मामले में ओमप्रकाश लिल्हारे का ट्रेक्टर जब्त कर उसे थाने में खड़ा कराया गया था और ट्रेक्टर छुड़ाने के लिए रुपये की मांग करने का आडियो सामने आया है। इस आडियो की जांच के लिए अपर कलेक्टर बालाघाट की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। उक्त गंभीर मामले में कलेक्टर मृणाल मीणा द्वारा त्वरित कार्यवाही किये जाने से जिले के सभी पत्रकारों ने आभार व्यक्त करते हुए उनकी इस कार्यवाही की सराहना की है। तथा पत्रकार इंद्रजीत दशमेर द्वारा बताया गया कि इस संपूर्ण कार्यवाही में जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार पटले द्वारा भी लगातार मार्गदर्शन किया गया और सभी आवश्यक जानकारी से कलेक्टर बालाघाट को अवगत कराया गया जिस पर कलेक्टर बालाघाट द्वारा गंभीरता दिखाते हुए कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

### मौखिक आदेश पर थाने से छूट गया था ट्रेक्टर

जानकारी अनुसार केशोराव नायब तहसीलदार (परीवीक्षाधीन) किरनापुर (गैर न्यायिक) द्वारा 22 सितंबर की सुबह मुरकुडा रेतघाट से ओमकार प्रसाद लिल्हारे, निवासी ग्राम किरनापुर ट्रैक्टर मालिक जो रेत का अवैध परिवहन कर रहा था, उसके ट्रैक्टर को पहले किरनापुर थाने में खडा करवाया गया और फिर उससे फोन पर ही रूपये मांगकर ट्रैक्टर छोडने की बात कही गई। साथ ही ट्रैक्टर मालिक ओमप्रकाश को केशोराव, नायब तहसीलदार द्वारा धमकाया गया कि मेरे द्वारा जितने पैसे मांगे गये है, यदि नहीं दिये गये तो आगे तुम ट्रैक्टर नहीं चला सकते जिसका ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो चुका है। जिसके बाद केशोराव नायब तहसीलदार द्वारा 22 एवं 23 सितंबर 2025 की दरम्यानी रात 02.16 बजे पत्रकार इन्द्रजीत सिंह दशमेर के घर जाकर उसे जगाया गया परंतु उनके द्वारा बिना दरवाजे खोले ही उनसे मिलने से मना कर दिया गया। उल्लेखनीय है की थाना किरनापुर में 22 सितंबर समय 7.6 मिनट पर प्रविष्टि क्रमांक 031 रोजनामचा में प्रविष्टि की गई कि रोजनामचा प्रविष्टि प्रधान सिपाही झनकलाल नागेश्वर के लिए सउनि. कार्यवाहक/फूलचंद गजभिये द्वारा की गई कि इस समय नायब तहसीलदार श्री टेकाम किरनापुर के द्वारा थाना किरनापुर परिसर में ट्रैक्टर सुरक्षार्थ रखा गया था, जो उनके ही मौखिक आदेश से ट्रैक्टर मालिक ओमप्रकाश लिल्हारे को सुपुर्द किया गया।

### शासन एवं जिला प्रशासन की छवि धूमिल

इस मामले में केशोराव नायब तहसीलदार किरनापुर के द्वारा अपने पदीय कर्तव्य एवं दायित्व निर्वहन में संनिष्ठ न होकर अशोभनीय कृत्य किया गया है जिससे शासन एवं जिला प्रशासन की छवि धूमिल हुई है जो कि कदाचरण की श्रेणी में आता है। उपरोक्त कृत्य



के लिए कलेक्टर बालाघाट द्वारा केशोराव को निलंबित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। केशोराव, नायब तहसीलदार किरनापुर जिला बालाघाट का उपरोक्त कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। अतः पदीय कर्तव्य एवं दायित्व के निर्वहन में संनिष्ठ न रहने के फलस्वरूप केशोराव, नायब तहसीलदार किरनापुर को मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम-1966 के नियम-9 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील कार्यालय लामता जिला बालाघाट नियत किया जाता है। केशोराव को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह

## आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कटंगी आगमन
## धान प्रोत्साहन राशि वितरण का कटंगी में आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

24 सितंबर को बालाघाट जिले की कृषि उपज मंडी कटंगी में मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 के धान प्रोत्साहन राशि वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के 06 लाख 69 हजार 272 किसानों के खाते में 337 करोड़ 12 लाख रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा बालाघाट जिले के 244 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत के 78 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जबलपुर संभाग के बालाघाट सहित अन्य जिलों के 25 हजार किसान शामिल होंगे। कृषि उपज मंडी प्रांगण कटंगी में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों के 812 युवाओं को विशेष सहयोगी दस्ते में नियुक्ति का पत्र सौपेंगे। इसके साथ ही बालाघाट जिला प्रशासन द्वारा जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के 10वीं एवं 12वीं पास तथा आईटीआई से डिप्लोमा प्राप्त युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए आयोजित रोजगार



महोत्सव में चयनित 3734 युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसमें जिला प्रशासन द्वारा 20 से 22 सितम्बर तक सांदीपनी विद्यालय बालाघाट में आयोजित रोजगार महोत्सव के माध्यम से कंपनियों द्वारा चयनित 2734 युवा, पुलिस द्वारा एल एंड टी कंपनी के लिए भर्ती कराये गए नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 500 युवा तथा पूर्व में लगाये गए रोजगार मेले में चयनित 500 युवा शामिल है। प्रतिष्ठित कंपनियों में नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओ का कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण के उपरांत प्लेसमेंट कराया जाएगा। इससे युवाओं को 15 से 25 हजार रुपए मासिक का रोजगार मिलने जा रहा है। इसमें लगभग 01 हजार युवतियॉ शामिल है, जिनका बैंगलोर की कंपनियों में प्लेसमेंट होने जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में युवतियों का रोजगार के लिए आगे आना महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल है।

## धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्रि पर्व



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** नवरात्रि के इस पावन पर्व पर बालगोपाल दुर्गा उत्सव समिति सुभाष चौक में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी माता रानी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है और बड़े ही धूम धाम से नव रात्रि पर्व मनाया जाएगा। माता रानी के आशीर्वाद से और ग्रामीण जानों के सहयोग से इस वर्ष भी समिति द्वारा प्रातः कालीन और रात्रि कालीन आरती के बाद महा प्रसादी और भंडारा का आयोजन किया गया है। समितिम में पंडा कैलाश, संजय भूपेंद्र, राजेश नगपुरे, शिवराम तुमसर, रिंकू (सूर्यकांत )नगपुरे, प्रफुल तुमसरे, तपेश, युवराज, दीपक ,संजय, शेखर, आशीष, योगेश, विशाल ठाकरेले, रविन्द्र, अशोक, अज्जू, बलराम, गौरी नगपुरे, राहुल, सोनू ठाकरेले, अंकलेश, मनोज, गंगाप्रसाद, राम लिलहरे, सियाराम, जयराम कांतोड़े, राकेश बांधे, विकाश आदि शामिल हैं।

## सेवा सप्ताह के अंतर्गत किया वृक्षारोपण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

वन संरक्षक वन वृत बालाघाट एवं वन मंडलाधिकारी उत्तर बालाघाट (सा.) के निर्देशानुसार 22 सितम्बर को सेवा पर्व के अवसर पर परिक्षेत्र उत्तर उकवा सा अंतर्गत CRPF कैंप किनारदा के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।

इस कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा सा. कु प्रियंका मरकाम , सीआरपीएफ इंस्पेक्टर एन के शर्मा , सब इंस्पेक्टर राजेंद्र डफारे , सब इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह एवं सब इंस्पेक्टर जयदीप भदौरिया , जन प्रतिनिधि ग्राम पंचायत वार्ड पंच



अशोक कुमार मरकाम एवं विनोद चौरे वनपाल , संतोष कुमार गौतम परिक्षेत्र सहायक किनारदा, पंकज शरणागत वन रक्षक, रूपसिंह मरकाम वनपाल, कमलेश मसराम वन रक्षक, राजेश रोकड़े वन रक्षक, धम्मदीप रोकड़े वनरक्षक एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जाम में आज जीत म्यूजिकल ग्रुप देवी जागरण



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** लालबर्रा मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जाम में सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक जाम में प्रति अनुसार इस वर्ष भी दर्शकों के मनोरंजन के लिए जीत म्यूजिकल ग्रुप देवी जागरण गायक अनिल देवकर का आयोजन किया गया है प्रतियोगिता समिति के सदस्यों ने बताया कि रात्रि 09:00 बजे से सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक जाम के तत्वाधान में देवी जागरण का आयोजन किया गया है समिति सदस्य अध्यक्ष उत्तमलाल धागड़े उपाध्यक्ष परदेशी लिल्हारे उप कोषाध्यक्ष विरेन्द्र ठकरेले सचिव राजकिरण साकुरे सह.सचिव युवराज खैरवारक्रीडा सचिव देवी डहारे सह.सचिव युवराज खैरवार सांस्कृतिक सचिव मनोज जुम्हारे कोषाध्यक्ष विदेश पंचेश्वर उप सांस्कृतिक सचित जितेन्द्र श्री भाद्री रावण समिति अध्यक्ष डॉ. दिनेश भगत राम दल प्रभारीराजकुमार हीरापुरे एवं समस्त ग्रामीण वासी आयोजन समिति ने अपील की है की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का उत्साह बढ़ाया।

## स्कूली छात्र-छात्राओं से की पढ़ाई पर बातचीत
## जनपद उपाध्यक्ष का हाईस्कूल जमुनिया में औचक निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा सोमवार को क्षेत्र के शासकीय हाईस्कूल जमुनिया का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष सीधे कक्षाओं में पहुंचे और बच्चों से पढ़ाई की स्थिति, किताबों की उपलब्धता और अन्य विषयों पर सवाल पूछे।कक्षा 10वीं के बच्चों से बारी बारी से पढ़ाए गए विषय के बारे में पूछा गया।कक्षा दसवीं के बच्चे पढ़ाई में कमजोर नजर आए।इसके अतिरिक्त बच्चे बोलने के लिए भी डर रहे थे।इसी प्रकार जब कक्षा 9वीं में कर बच्चों से शैक्षिक संवाद किया गया।कक्षा 9वीं के सभी बच्चे जिन्हें 2 सेक्शन में बांटा गया था,बेझिझक होकर निडरता के साथ लगभग सभी सवालों के सही-सही जवाब दिए। कक्षा 9वीं के बच्चे जिज्ञासु प्रवृत्ति के नजर आए।पढ़ाई को लेकर उनके अंदर एक अलग ललक देखने को मिली।उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा कक्षा 9वीं और 10वीं के बच्चों को कहा गया कि जो बच्चें 90 से अधिक प्रतिशत अर्जित करेंगे,ऐसे छात्र/छात्राओं को 5 हजार रु प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।शैक्षणिक संवाद के बाद उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा स्कूल परिसर में नारियल का पौधारोपण भी किया गया।स्कूल परिसर में बाउंड्री वाल नहीं होने के कारण बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।इसके अतिरिक्त यहां पर बच्चों की संख्या अधिक होने के चलते एक अतिरिक्त कक्ष रूम की आवश्यकता महसूस हो रही है।आज निरीक्षण के दौरान देखा गया कि पर्याप्त कमरे ना होने की वजह से प्रयोगशाला और बाकी अन्य सामग्री एक ही स्थान पर रखे हुए हैं।संस्था प्रमुख अशोक कुमार उके के द्वारा एक अतिरिक्त कक्ष की मांग की गई ताकि बच्चों की पढ़ाई किसी प्रकार से प्रभावित ना हो।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय आमगांव में किया गया पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सेवा पखवाडा अभियान के अंतर्गत जिले में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाना है। इसी के अंतर्गत 22 सितम्बर को सांदीपनि विद्यालय आमगांव में जनपद पंचायत बैहर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बीएस मरावी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री प्रितेश पटले, संस्था के प्राचार्य श्री डी.एस. वाडिवे एवं समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में नशा मुक्त भारत के उद्देश्य को लेकर छात्र छात्राओं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात पर्यावरण स्वच्छ एवं हरा-भरा विद्यालय के उद्देश्य से वन विभाग मोहगांव में पदस्थ परिक्षेत्र सहायक श्री आशीष नागेश्वर, वनरक्षक श्री मेरावी, श्री ओझा, श्री राजेन्द्र दुबे जनपद पंचायत बैहर श्री मरावी, प्रितेश पटले, सस्था के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति में शालेय परिसर में वृहद पौधारोपण किया गया।

## खैरलांजी में गौ सेवक की ब्लॉक कार्यकारिण का हुआ गठन, रामदयाल बिसेन बना ब्लॉक अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।**

खैरलांजी पशु चिकित्सालय में मंगलवार 23 सितंबर को गौ सेवक, मैत्री संघ की बैठक जिला उपाध्यक्ष धुर्वेसन दशहरे की मुख्य उपस्थिती में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में ब्लॉक गौ सेवक संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया । जिसमे रामदयाल बिसेन को गौसेवक ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया तथा दशरथ कावडे उपाध्यक्ष , संजू रांगहडाले सचिव, योगेश पटले कोषाध्यक्ष, गुलाब ठाकरे महामंत्री, गुलाब कटरे प्रमुख प्रवक्ता , नरेंद्र जैतवार सहसचिव ,जयसिंह लिल्हारे मीडिया प्रभारी, रिजेन तुरकर सहित अन्य को पदभार प्रदान कर कार्यकारिणी में शामिल कर जिम्मेदारी दि गई। इस दौरान गौ सेवक के जिला उपाध्यक्ष धुर्वेसन दशहरे ने बताया की ब्लॉक कार्यकारणी का गठन किया गया है ताकि समय समय पर संघ के पदाधिकारीयो के बीच गौ सेवक की समस्याओ को लेकर विचार-विमर्श किया जा सके।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं NAGEENA पति MOHAMMAD FAREED KHAN निवासी वार्ड नं. 29 बालाघाट(म.प्र.) की निवासी हूं यह कि मेरे दस्तोवजो में पेन कार्ड, आधार कार्ड में मेरा नाम NAGEEN KHAN W/O MD. YOUNUS KHAN दर्ज हैं, आज दिनांक से मुझे सही नाम से NAGEENA KHAN W/O MD. YOUNUS KHAN से जाना व पहचाना जावे जो कि सरकारी दस्तावेजो में मेरा नाम लिखा व पढ़ा जा सके।

## बालाघाट में इस्लाहे मुआशरा कॉन्फ्रेंस आज



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 1500 साल जश्ने ईद मिलादुन्नबी व जश्ने गौसे आजम के मुबारक मौके पर आज 24 सितंबर को रात्रि में अंजुमन शादी हाल बैहर रोड में दार-ए-अरकम फाउंडेशन बालाघाट एवं जमात रजा ए मुस्तफा स्टेट मप्र. के संयुक्त तत्वाधान में इस्लाहे मुआशरा कांफ्रेंस आज आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रमुख आलिमों में अब्दुल कादीर जिलानी कादरी एवं अल मारूफ जिलानी मिया मुंबई महाराष्ट्र, जेरे कयादत वफाउल मुस्तफा कादरी, मुख्य वक्ता रहमत अली मिस्बाही मुंबई के साथ उमर रजवी जामा मस्जिद बालाघाट, हनीफ रजा नागपुर, सादिक रजा सिब्तैनी नैनपुर के साथ अनेक मुकर्रीर इस मौके पर मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति ने सभी इस्लामी भाईयों से गुजारिश की है कि वह ज्यादा से ज्यादा तादाद में इस कार्यक्रम में पहुंचकर अपने इमान को ताजा करें और इसका फायदा उठाये।

